2 नवभारत
पुणे /नाशिक
10 मार्च 2017

आदर्श माताओं का किया गया सम्मान

स्व.शांताबाई बालकृष्ण ढोले पाटिल विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

पुणे. विश्व महिला दिन पर ढोले पाटिल रोड पर स्व.शांताबाई ढोले पाटिल माध्यमिक विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये. पंख सामाजिक संस्था और क्विकहिल फाऊंडेशन के सहयोग से शालांगन परियोजना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. विपरीत परिस्थितियों में भी अथक मेहनत कर अपने बच्चों को शिक्षा के प्रोत्साहित करनेवाले तथा खुद अशिक्षित होने से जो तकलीफें उन्हें सहनी पडी वह अपने बच्चों को ना सहनी पडे, इसलिये हमेशा मेहनत करनेवाली आदर्श माताओं को दिग्गजों हाथों सम्मानित किया गया.

विश्व महिला दिवस

■ प्रमुख अतिथि के तौर मंच पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. न.म.जोशी, शिक्षणाधिकारी दीपक माली, क्विकहिल फाऊंडेशन के अध्यक्ष अजय शिर्के और ढोले पाटिल विद्यालय के मुख्याध्यापक वाल्मिक हजारे मौजूद थे. इस समय स्कूल की ८वीं कक्षा के छात्रों ने नशे की लत के खिलाफ जागरूकता रोड शो किया.

■ इसके बाद स्वतंत्रतासेनानी सावरकर की पोती महिला शाहिर विनीता जोशी लिखित झांसी की रानी की शूरता पर आधारित पोवाडा को छात्रों ने मिलकर पेश किया. पोवाडा सुनकर उपस्थित मान्यवर और छात्र प्रभावित हुए. डॉ. न. म. जोशी ने छात्रों से कहा कि महिला दिन के अवसर पर छात्राओं द्वारा पेश किये गये पोवाडे से उन्होंने यह साबित किया है कि महिलाएं भी पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं.मां कभी भी अपने किये सेवा की बोली नहीं लगाती.